# बच्चों ने राधा कृष्ण की ड्रेस पहनकर मनाया त्योहार



**बौंदकलां** | श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व सोमवार को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने राधा कृष्ण की आकर्षक परिधान पहन कर अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर ओपन शेल्टर होम में कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत मोनिका जांगड़ा द्वारा बच्चों को श्रीकृष्ण के जन्म दिन से संबंधित कहानी बतलाई व बच्चों को बतलाया गया कि जब श्री कृष्ण भगवान का जन्म हुआ तब अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था तथा सभी बच्चों ने कहानी को अच्छी प्रकार से सुना तथा इससे सीख ली इसके पश्चात राधा कृष्ण को झूले पर झुलाया गया तथा यह दृश्य बहुत ही आनंददायक एवं मनमोहक था।


26/12/22

# ओपन शेल्टर होम में वीर बाल दिवस पर दिखाई गुरु गोबिंद सिंह के साहबजादों पर बनीं फिल्म

भास्कर न्यूज | बौंदकलां

सोमवार को ओपन शेल्टर होम पर वीर बाल दिवस मनाया गया। बच्चों को गुरु गोविंद सिंह जी के चारों बेटों के बलिदान के बारे में बच्चों को बताया गया।

सोमवार को वीर बाल दिवस को बड़ी खुशी के साथ मनाया गया। ओपन शेल्टर होम के सभी बच्चों को गुरु गोविंद सिंह जी के चारों बेटों के बलिदानों पर उनकी बहादुरी के बारे में बताया गया। बच्चों को बताया गया कि गुरु गोविंद सिंह जी के चारों बेटे बाल्यावस्था में वीर और साहसी थे। उनके पुत्र मुगलों के द्वारा अनेक प्रयत्न करने और कष्ट देने के बावजूद भी अपना धर्म नहीं बदला और अंत में हंसते हंसते हुए प्राणों का बलिदान दे दिया। उनकी इस वीरता को दिखाने के लिए बच्चों को चार साहिबजादे फिल्म दिखाई गई। जो बच्चों बहुत अच्छी लगी। फिल्म देखने के बाद सभी बच्चों ने गुरु गोविंद सिंह जी के बेटों के तरह वीर बनने की इच्छा प्रकट की। सभी बच्चे इस वीर बाल दिवस के दिन बडे खुश थे।



ओपन शेल्टर होम में उपस्थित बच्चें।

# ओपन शेल्टर होम में बाल दिवस व दिवाली मिलन समारोह मनाया

भास्कर न्यूज | बौंदकलां

मंगलवार को श्रीजी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में जिला बाल संरक्षण समिति द्वारा दिवाली का पर्व व हरियाणा बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास की ओर से मुख्य अतिथि के तौर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारन, मुस्कान व सुपरिटेंडेंट संजय कुमार ने शिरकत की।

इस अवसर पर डीसीपीओ नीलकमल, पीओआईसी अर्चना, सीडब्ल्यूसी सदस्य नारायण और जेजेपी सदस्या अनीता लुहास भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुति के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने दीया पेंटिंग मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों को विभाग की टीम द्वारा ईनाम दिया गया। जिसमें



बौंदकलां। ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में आयोजित हरियाणा बाल दिवस समारोह में शामिल बच्चे।

प्रथम स्थान भारत, द्वितीय स्थान सुनील और तृतीय स्थान राहुल ने प्राप्त किया। विजेता बच्चों को उपहार मिला। जिसमें दीया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान रामजाने, द्वितीय स्थान दिनेश व तृतीय स्थान राहुल ने प्राप्त किया। सभी प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार से डांस करके सब मन मोह लिया बच्चों से नींबू रेस भी करवाई गई जो बहुत ही हास्यास्पद रही। इस अवसर पर ओपन शेल्टर होम के सभी बच्चों को किट भेंट कि गई। जिसमें कि ड्राईफ्रूट्स, चॉकलेट व जूस के पैकेट भेंट किए गए। इस प्रकार विभाग के द्वारा दीपावली के इस मिलन पर व बाल दिवस के अवसर पर आयोजन बहुत ही हर्ष व उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

10/11/23

# झुग्गियों में रहने वाले लोगों को बच्चों को सर्दी से बचाव को लेकर किया जागरूक



ईंट भट्ठों पर काम करने वाले बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित करते।


भास्कर न्यूज | बौंदकलां

शुक्रवार को श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां की टीम ने कांटेक्ट पॉइंट पर जाकर झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को वस्त्र वितरित किए। ओपन शेल्टर होम में कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत मोनिका जांगड़ा द्वारा झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को इकट्ठा किया और सर्दी में बच्चों के रखरखाव संबंधी माता-पिता को जानकारियां दी उन्होंने बताया कि सर्दी में बच्चों को बचाने की अत्यंत जरूरत है ताकि किसी भी बच्चों को सर्दी में होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके। इसलिए जितना हो सके अपने बच्चों को सर्दी में गर्म वस्त्र पहनाकर रखें। बच्चों के खाने-पीने का ध्यान रखें व बच्चों को नंगे पैर न घूमने दें क्योंकि इसी की वजह से बच्चों को सर्दी लग सकती है। सभी माता-पिता ने कोऑर्डिनेटर की बातों को ध्यानपूर्वक सुना इसके पश्चात सभी बच्चों को वस्त्र वितरित किए गए। आज की इस गतिविधि के दौरान ओपन शेल्टर होम का पूरा स्टाफ जिसमें कोऑर्डिनेटर मोनिका जांगड़ा प्रीति, नवीन, संदीप व भारत मौजूद रहे।

28/8/23



# ओपन शेल्टर होम में हुई पेंटिंग प्रतियोगिता




ओपन शेल्टर होम में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए बच्चे।

भास्कर न्यूज़ | बौंदकलां

शनिवार को बौंदकलां में श्रीजी एजुकेशन वेल्फेयर सोसायटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्टाफ सदस्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता में सुनील कुमार ने प्रथम, राकेश कुमार ने द्वितीय स्थान और सोमबीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काउंसलर मोनिका टीचर्स नवीन कुमारी, अनिल कुमार, सोनम और संदीप ने प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साहवर्धन किया। ओपन शेल्टर होम में गरीब, घुमंतू और स्ट्रीट चाइल्ड की शिक्षा, स्वास्थ्य

19/8/22

# ओपन शेल्टर होम में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया




बौंदकलां। शुक्रवार को ओपन होम शेल्टर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाते हुए बच्चे।


भास्कर न्यूज | बौंदकलां

ओपन शेल्टर होम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बिखेरे प्रतिभा के रंग।

ओपन शेल्टर होम बौंद कलां में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ओपन शेल्टर होम के स्टाफ ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मंच का संचालन काउंसलर मोनिका के द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संपूर्ण स्टाफ ने राधा और श्री कृष्ण की वेशभूषा धारी बच्चों के साथ केक काटकर सब को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी। श्रीजी एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम गरीब घुमंतू अनाथ बच्चों की सेवा में कार्यरत है।

# ओपन शेल्टर होम में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया




बौंदकलां। शुक्रवार को ओपन होम शेल्टर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाते हुए बच्चे।

भास्कर न्यूज़ | बौंदकलां

ओपन शेल्टर होम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बिखेरे प्रतिभा के रंग।

ओपन शेल्टर होम बौंद कलां में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ओपन शेल्टर होम के स्टाफ ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मंच का संचालन काउंसलर सारिका के द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संपूर्ण स्टाफ ने राधा और श्री कृष्ण की वेशभूषा धारी बच्चों के साथ केक काटकर सब को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी। श्रीजी एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम गरीब घुमंतू अनाथ बच्चों की सेवा में कार्यरत है।

15/8/23

# ओपन शेल्टर होम ने निकाली तिरंगा यात्रा



बौंदकलां। ओपन होम शेल्टर तिरंगा यात्रा निकालते हुए

भास्कर न्यूज | बौंदकलां

बौंदकलां में ओपन शेल्टर होम द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। ओपन शेल्टर होम के प्रांगण से तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई।

इसमें आजादी के अमृत महोत्सव के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तिरंगा अभियान के तहत ओपन शेल्टर होम के स्टाफ व जेजे बोर्ड सीडब्ल्यूसी, डीसीपीओ और स्टाफ के सदस्यों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में ओपन शेल्टर होम के बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। घर-घर तिरंगा के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अभियान के तहत देश में ज्यादा से ज्यादा घरों पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है।

6 Sep 2024

# चरखी दादरी

## ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# शिक्षक सही गलत में अंतर करना सिखाते है : मोनिका



**बौंदकलां** | श्री जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों को बताया गया कि शिक्षक हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शिक्षक न केवल हमें शिक्षा देते हैं, बल्कि हमारे चरित्र का निर्माण भी करते हैं। वे हमारे विचारों को आकार देते हैं। हमें सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाते हैं और समाज के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते है। एक शिक्षक का प्रभाव विद्यार्थी के जीवन पर असीमित होता है। शिक्षक न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि हमारे अंदर आत्मविश्वास और नेतृत्व के गुण भी विकसित करते हैं। शिक्षक दिवस पर बौंदकलां के जितेंद्र द्वारा बच्चों व शिक्षकों को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर ओपन शेल्टर में स्टाफ काउंसलर मोनिका जांगड़ा, प्रीति, नवीन, पूजा, भारत व बच्चें मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने टीचर्स के लिए बनाए कार्ड




**चरखी दादरी** | आदमपुर डाढ़ी स्थित आर्यावर्त वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सभी शिक्षकों ने सबसे पहले सर्वपल्ली राधाकृष्णन व सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों के मध्य 'टीचर्स-डे' पर कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बहुत ही मनमोहक कार्ड बनाए और अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता, गीत, गान व डांस के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति अपना समर्पण भाव प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय अध्यक्ष पवन वशिष्ठ, निदेशक सज्जन सिंह सांगवान, सचिव सुखबीर सांगवान आदि मौजूद थे।

15/08/23




बौंदकलां। श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर सभी बच्चों ने अपने हाथों में तिरंगे झंडे लेकर भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। बच्चों को स्वतंत्रता का महत्व बताया गया।

# बच्चों के प्रति अपराध को कम करने के लिए आम नागरिकों को करें जागरूक: नगराधीश

भास्कर न्यूज| चरखी दादरी

महिला व बाल विकास विभाग की ओर से बाल कानूनी अधिकारों पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए नगराधीश रेणुका नांदल ने कहा है कि बच्चों के प्रति अपराध को कम करने के लिए आम नागरिकों को जागरूक किया जाना चाहिए। लघु सचिवालय सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में नगराधीश ने कहा कि बच्चे काफी संवेदनशील होते हैं। बावजूद इसके आम जन बच्चों की सुरक्षा के लिए निरंतर जागरूक करते रहना चाहिए। महिला व बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने कहा कि बच्चों के पालन पोषण और उनकी देखभाल के लिए हर एक गांव और शहर के वार्डों में आंगनबाड़ी सेंटरों पर माताओं को आवश्यक जानकारी दी जाती है। बाल संरक्षण समिति की चेयरपर्सन शिल्पी मड़िया ने कहा कि किसी बच्चे के साथ कोई वारदात होती है तो समिति के प्रतिनिधि मौके पर पहुंच कर सारे मामले की जानकारी लेते हैं और सख्त कानूनी कार्यवाही के लिए पुलिस की मदद ली जाती है। कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी नीलकमल, अर्चना, विकास सांगवान, उषा रानी, खंड शिक्षा अधिकारी कंवर सिंह, अमित, महिला थाना प्रभारी सोनिया, एएसआई अशोक कुमार, विजय यादव, कुलदीप, सुरेंद्र, डिप्टी सीएमओ डा. सुनैना ग्रोवर, एडवोकेट धीरज सैनी, श्रम निरीक्षक प्रदीप कुमार, मंजू, रोशनलाल, सतबीर महराणा, अनीता लुहाच आदि मौजूद रही।




दादरी। बैठक को संबोधित करते हुए सीटीएम रेणुका नांदल।

# चरखी दादरी

## ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# शिक्षक सही गलत में अंतर करना सिखाते हैं : मोनिका



**बौंदकलां** | श्री जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों को बताया गया कि शिक्षक हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शिक्षक न केवल हमें शिक्षा देते हैं, बल्कि हमारे चरित्र का निर्माण भी करते हैं। वे हमारे विचारों को आकार देते हैं। हमें सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाते हैं और समाज के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते है। एक शिक्षक का प्रभाव विद्यार्थी के जीवन पर असीमित होता है। शिक्षक न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि हमारे अंदर आत्मविश्वास और नेतृत्व के गुण भी विकसित करते हैं। शिक्षक दिवस पर बौंदकलां के जितेंद्र द्वारा बच्चों व शिक्षकों को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर ओपन शेल्टर में स्टाफ काउंसलर मोनिका जांगड़ा, प्रीति, नवीन, पूजा, भारत व बच्चें मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने टीचर्स के लिए बनाए कार्ड




**चरखी दादरी** | आदमपुर डाढ़ी स्थित आर्यावर्त वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सभी शिक्षकों ने सबसे पहले सर्वपल्ली राधाकृष्णन व सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों के मध्य 'टीचर्स-डे' पर कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बहुत ही मनमोहक कार्ड बनाए और अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता, गीत, गान व डांस के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति अपना समर्पण भाव प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय अध्यक्ष पवन वशिष्ठ, निदेशक सज्जन सिंह सांगवान, सचिव सुखबीर सांगवान आदि मौजूद थे।

# झूला झूलकर बच्चों ने मनाई तीज



बौंदकलां | श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में तीज का पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों को तीज की पर्व का महत्व के बारे में बताया गया। मोनिका जांगड़ा द्वारा यह बताया गया कि तीज के अवसर पर हम सभी अपने परिवार और समाज में प्रेम और एकता को बढ़ाते हैं ओपन शेल्टर होम में बच्चों को झूला झुलाया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई व अन्य खेलों का भी बच्चों ने खूब आनंद लिया। अंत में बच्चों को मिठाइयां भी वितरीत की गई। इस अवसर पर ओपन शेल्टर होम में कार्यरत काउंसलर मोनिका जांगड़ा, संदीप, पूजा नवीन, उमेन्द्र और प्रीति बच्चों के साथ मौजूद रहे।

# हर व्यक्ति पौधारोपण के साथ ही उनकी रक्षा भी करे: मोनिका

02/08/23

भास्कर न्यूज़| बौंदकलां

गुरुवार को श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गुरुवार को ओपन शेल्टर होम में कोआर्डिनेटर के पद पर कार्यरत मोनिका जांगड़ा ने पेड़ों के महत्व के बारे में सभी बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि यदि इस धरती पर पेड़ व वनस्पति के कारण ही जीवन संभव हो पाया है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में पौधारोपण करना चाहिए और उनकी रक्षा करनी चाहिए। यदि पेड़ पौधे से में ऑक्सीजन के साथ- साथ कई प्रकार की औषधियां मिलती है।



बौंदकलां। ओपन शेल्टर होम में पौधारोपण करते हुए।

इस अवसर पर बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने व उनकी रक्षा के प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान ओपन शेल्टर होम में कार्यरत मोनिका जांगड़ा ,प्रीति, संदीप, सतेन्द्र पंवार एडवोकेट व बच्चे मौजूद रहे।


# बौंदकलां में ओपन शेल्टर होम का निरीक्षण किया



शेल्टर होम में बच्चों को नशा मुक्ति को लेकर शपथ दिलवाते हुए। 4/7/23


भास्कर न्यूज | बौंदकलां

सोमवार 3 जुलाई को श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में एचएससीपीसीआर के मेंबर मांगेराम ने निरीक्षण किया। उनके साथ डीसीपीओ नीलकमल चरखी दादरी डीपीओ अर्चना वर्मा व सीडब्ल्यूसी मेंबर्स नारायण भी मौजूद थे। उन्होंने बच्चों से बातचीत की तथा नशे से मुक्त होने के बारे में जागरूक करवाया। ओपन शेल्टर होम के डाइट प्लान, वैलिडिटी प्लान के बारे में भी जानकारी ली। बच्चों से संबंधित व संस्था के रिकॉर्ड को भी चेक किया। अंत में सभी बच्चों से नशा छुड़वाने हेतु शपथ दिलवाई। ओपन शेल्टर होम को सुचारू रूप से चलाने हेतु सुझाव भी दिए गए।ओपन शेल्टर होम के सभी बच्चें वह पूरी टीम जिसमें कोर्स कोऑर्डिनेटर मोनिका, सोशल वर्कर श्याम, एजुकेटर प्रीति व आउटरीच वर्कर अनिल, पूजा व संदीप मौजूद थे



बौंदकलां। श्री जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन सेन्टर होम बौंदकलां में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों को योगासन करवाए गए। ओपन शेल्टर होम में कार्यरत मोनिका जांगड़ा ने बताया कि शरीर, मन, स्वस्थ नहीं तो लक्ष्य को पाना असंभव है। योग करने से मन व शरीर दोनों स्वस्थ होते हैं योग हमें खुशी ,शांति,पूर्ति की एक स्थाई भावना प्रदान करता है। इस अवसर पर स्टॉफ मोनिका जांगड़ा, संदीप, राहुल, अनिल और प्रीति ने योग किया।

# ओपन शेल्टर होम में बच्चों ने मनाई अंबेडकर जयंती



बौंदकलां। शुक्रवार को भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती को बड़े हर्षोल्लास के साथ श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में मनाया गया। ओपन शेल्टर की टीम द्वारा बच्चों को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन के बारे में बताया गया।

10-6-23

# ओपन शेल्टर होम, बीडीपीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**बौंदकलां।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह ने वीरवार को बौंदकलां में श्रीजी एजुकेशन सोसायटी की ओर से चलाए जा रहे ओपन शेल्टर होम व खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ से पूछताछ भी की। दरअसल, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह वीरवार को जिला के बाढ़ संभावित गांवों का दौरा कर रहे थे और उसी दौरान बौंदकलां में उन्होंने श्रीजी एजुकेशन सोसायटी की ओर से घुमंतू जाति के बच्चों के लिए चलाए जा रहे स्कूल का औचक निरीक्षण किया और बच्चों की कक्षा में जाकर उनसे बात की। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्कूलों में बच्चों के लिए बनाए गए खाने की भी जांच की। अतिरिक्त उपायुक्त ने बौंदकलां के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया और हाजिरी रजिस्टर की व कार्यालय के कार्यों की भी जांच की। संवाद



बीडीपीओ ब्लॉक में हाजिरी रजिस्टर चेक करते एडीसी डॉ. जयेंद्र सिंह। संवाद

9/6/2023

# एडीसी ने ओपन शेल्टर होम के बच्चों का ज्ञान परखा व सुविधाओं का जायजा लिया



एडीसी डॉ. जयेंद्र सिंह ओपन शेल्टर होम का निरीक्षण करते हुए।

**भास्कर न्यूज | बौंदकलां**

गुरुवार को श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में एडीसी डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर ने निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी ली। एडीसी द्वारा बच्चों से उनकी बेसिक एजुकेशन व अक्षर ज्ञान की समझ का भी निरीक्षण किया। बच्चों की डाइट व मेडिकल रिपोर्ट को भी अच्छी प्रकार से जांचा गया तथा उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला स्तरीय कमेटी जिसमें महिला एवं बाल विकास की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारन, डीसीपीओ नीलकमल, पीओआईसी अर्चना व सीडब्ल्यूसी के सदस्य नारायण व जेजे बोर्ड के सदस्य धीरज कुमार, डीसीडब्ल्यूओ सूबे सिंह तथा मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्वनी ने भी निरीक्षण किया व बच्चों से बातचीत की। जिला स्तरीय कमेटी द्वारा बच्चों से संबंधित फाइलों व सोसाइटी के दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया गया। ओपन शेल्टर होम में सीसीटीवी कैमरों व पानी की सुविधा का भी जायजा लिया गया। इसके साथ निरीक्षण टीम ने आवश्यक निर्देश भी दिए।

9/6/2023

# एडीसी ने ओपन शेल्टर होम के बच्चों का ज्ञान परखा व सुविधाओं का जायजा लिया



एडीसी डॉ. जयेंद्र सिंह ओपन शेल्टर होम का निरीक्षण करते हुए।

**भास्कर न्यूज | बौंदकलां**

गुरुवार को श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में एडीसी डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर ने निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी ली। एडीसी द्वारा बच्चों से उनकी बेसिक एजुकेशन व अक्षर ज्ञान की समझ का भी निरीक्षण किया। बच्चों की डाइट व मेडिकल रिपोर्ट को भी अच्छी प्रकार से जांचा गया तथा उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल विकास की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारन, डीसीपीओ नीलकमल, पीओआईसी अर्चना व सीडब्ल्यूसी के सदस्य नारायण व जेजे बोर्ड के सदस्य धीरज कुमार, डीसीडब्ल्यूओ सूबे सिंह तथा मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्वनी ने भी निरीक्षण किया व बच्चों से बातचीत की। जिला स्तरीय कमेटी द्वारा बच्चों से संबंधित फाइलों व सोसाइटी के दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया गया। ओपन शेल्टर होम में सीसीटीवी कैमरों व पानी की सुविधा का भी जायजा लिया गया। इसके साथ निरीक्षण टीम ने

3/6/23

10 वर्षों से जनकल्याण व दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत संस्था

# श्री जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी, चरखी दादरी

रजिस्ट्रेशन नंबर 02666 रजिस्ट्रेशन RPWD Act 2016 व JJ Act 2015

दैनिक भास्कर

## की 23वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं





गरीब, लावारिस, अनाथ, गुमशुदा, मजदूर, स्ट्रीट चिल्डरन

दिव्यांग झुग्गी झोपड़ियों के बच्चों की सेवा सुरक्षा व शिक्षा के लिए कार्यरत संस्था।

इस प्रकार का बच्चा मिलने और इस न.पर सम्पर्क करें 9306040793

नशा और शिक्षा को लेकर स्लम एरिया में गरीब लोगों को जागरूक करते हुए संस्था काउंसलर।



**बौंदकलां |सोमवार** श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंद कलां में लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया गया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारन, बाल संरक्षण अधिकारी नीलकमल, बाल कल्याण समिति चेयरपर्सन शिल्पी मिड्डा, सोशल वर्कर रोशन लाल उपस्थित थे। उन्होंने सभी बच्चों को लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व पर शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की अतिथिगण व ओपन शेल्टर होम के स्टाफ द्वारा बच्चों को रेवड़ी व मूंगफली सभी बच्चों मे वितरित कि गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारन व बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा बच्चों में गर्म इनर, जुराब, गर्म टोपी व दस्ताने वितरित किए गए।

14/01/2025

3/6/23

# तंबाकू के सेवन से होती है कैंसर जैसी जानलेवा व घातक बीमारियां : जांगड़ा

भास्कर न्यूज | बौंदकलां



बुधवार को श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया गया। ओपन शेल्टर होम में कार्यरत काउंसलर मोनिका जांगड़ा ने तंबाकू से होने वाले खतरों से बच्चों को परिचित कराया। तंबाकू से होने वाले मनुष्य के शरीर पर प्रभाव के बारे में चर्चा की गई। बच्चों को बताया कि जो लोग अपनी दिनचर्या में तंबाकू का सेवन करते है उनका शरीर में कैंसर जैसे भयानक रोग का शिकार हो जाता है तथा उनको सांस फेफड़े व गुर्दे संबंधी अनेक प्रकार की भयानक बीमारियां लग जाती है। बच्चों ने काउंसलर की बातों को ध्यान पूर्वक सुना तथा अपने जीवन में कभी भी तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। ओपन शेल्टर होम की टीम के द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर बच्चों को तरबूज वितरित किया और ठंडा पानी पिलाया। एकादशी के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

22/5/23

# ओपन शेल्टर होम में बच्चों ने मनाई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती



बौंदकलां। ओपन शेल्टर होम में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाते बच्चे।

भास्कर न्यूज़ | बौंदकलां

सोमवार को ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में बच्चों द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती मनाई।

श्री जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम में महाराणा प्रताप जयंती को बड़ी धूमधाम उल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों को महान वीर महाराणा प्रताप के बचपन से ही वीरता व साहस कूट-कूट के भरा हुआ था। महाराणा प्रताप मेवाड़ के महान राजा थे।। उनके पास एक घोड़ा था जिसका नाम चेतक था। वह भी अत्यंत बहादुर घोड़ा था। महाराणा प्रताप में बहलोल खान को घोड़े समेत काट डाला था। उन्होंने अपने देश धर्म व प्रजा की रक्षा के लिए राजमहल को त्याग करके जंगलों में घास की रोटियां

14/5/23

# ओपन शेल्टर होम में हर्षोल्लास से मनाया मदर्स- डे



**बौंदकलां।** श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में मदर्स डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। सभी बच्चों ने विभिन्न प्रकार के ग्रीटिंग बनाकर अपनी मां के प्रति अपना प्यार दर्शाया। इस अवसर पर ओपन शेल्टर होम में कार्यरत मोनिका जांगड़ा ने बताया कि मां बच्चे की प्रथम गुरु होती है, वह उसको समाज में रहने के सभी गुणों से संपन्न करती है तथा समाज में कोई दूसरा मां का स्थान नहीं ले सकता। मां सर्वोपरि होती है बच्चों के लिए मां का महत्व शब्दों में बतलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि मां शब्द अपने आप में संपूर्ण है। बच्चों ने कलाकृतियों के माध्यम से अपने मां के प्रति स्नेह को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

1/05/23

# बौंदकलां ओपन शेल्टर होम में मनाया विश्व मजदूर दिवस



**बौंदकलां**| सोमवार 1 मई को श्रीजी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में वर्ल्ड लेबर-डे मनाया गया। ओपन शेल्टर होम में कार्यरत को-ऑर्डिनेटर कम काउंसलर ने बच्चों को वर्ल्ड लेबर-डे के बारे में जानकारी दी। उनके द्वारा बताया गया कि भारत में मजदूर दिवस की शुरुआत कब और कहां से हुई। उन्होंने बच्चों को बताया कि भारत के चेन्नई में 1 मई 1923 में लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान की अध्यक्षता में मजदूर दिवस मनाने की परंपरा की शुरुआत हुई। इसी दिन पहली बार मजदूरों के लिए लाल रंग का झंडा वजूद में आया था। जो मजदूरों पर हो रहे अत्याचार व शोषण के खिलाफ आवाज उठाने का प्रतीक था और तभी से इस दिन को मजदूर

04/4/23

# महाबीर जयंती पर बच्चों को अहिंसा के नियमों को अपनाने के लिए प्रेरित किया

## श्रीजी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम में मनाई जयंती

भास्कर न्यूज | बौंदकलां

मंगलवार को श्रीजी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में महावीर जयंती को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें ओपन शेल्टर होम की टीम ने बच्चों को अहिंसा के 10 सूत्र बताएं जिनको अपना कर वो अपने जीवन को बेहतर बना सकते है। बच्चों को बताया गया कि हमें बेहतर जीवन बनाने के लिए सबसे हंसकर मिलना चाहिए तथा गलती होने पर हमें अपनी गलती माननी चाहिए। वह दूसरों को गलती करने पर उन्हें माफ कर देना चाहिए। हमें दूसरों की प्रशंसा करनी चाहिए वह उनका हौसला बढ़ाना चाहिए। हमें उन लोगों को धन्यवाद करना चाहिए जो दूसरों की मदद कर रहे है। बच्चों को बताया गया कि जिसे हम पसंद नहीं करते हमें उससे भी बात करनी चाहिए। लोगों के संघर्ष में मदद करनी चाहिए ताकि उनका विवाद नहीं बढ़े। अपनी चीजें साझा करना और दे देना एक अच्छी आदत है। सभी बच्चों ने सारी बातों को बड़े ध्यान से सुना व उनकी शिक्षाओं को सुनकर बहुत खुशी महसूस की। सभी ने उनको नमन किया।




बौंदकलां। ओपन शेल्टर होम में बच्चों को महाबीर जयंती पर अहिंसा की जानकारी देते हुए

1/4/23



# ओपन शेल्टर होम में बच्चों को शोषण के बारे में दी जानकारी



बौंदकलां। ओपन शेल्टर होम में बच्चों को शोषण की जानकारी देते हुए।

भास्कर न्यूज | बौंदकलां

शुक्रवार को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां की टीम ने बच्चों को बाल शोषण के बारे में जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि कौन-कौन सी चीजें बाल शोषण के अंतर्गत आती है। इसमें बच्चों को बताया गया कि बच्चों का मजाक बनाना, बच्चों की स्वास्थ्य की जरूरतों को अनदेखा करना, बच्चों को अपने घर में नौकर बना के रखना, बच्चों को गलत तरीके से छूना। जिससे उसको असहज महसूस हो। बड़ों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बच्चों पर दबाव डालना, बच्चों का उपहास करना, बच्चों को पीटना आदि बाल शोषण के अंतर्गत आते हैं। इसलिए प्रत्येक बच्चें को इस बारे में जानकारी होनी चाहिए। ओपन शेल्टर होम में कार्यरत कोऑर्डिनेटर मोनिका व सोशल वर्कर श्याम ने बच्चों को इन सब बातों के बारे में जानकारी दी। ताकि वह अपने अधिकारों को जान सके व शोषण से बच सकें। सभी बच्चों ने एक-एक बात को ध्यान से सुना व तालियां बजाकर खुशी प्रकट की।

# ओपन शेल्टर होम में मनाया होली पर्व



**भास्कर न्यूज | बौंदकलां**

मंगलवार को श्रीजी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी चरखी दादरी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में होली का त्यौहार मनाया गया। सभी बच्चों को होली के त्योहार की जानकारी के साथ ही होली के महत्व के बारे में बताया गया। होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। लोग इस दिन अग्नि जलाते ही भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की भक्ति के लिए विजय की प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। सभी बच्चों ने मंगलवार को एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाया और नृत्य किया। सभी बच्चों को नृत्य के बाद मिठाइयों का वितरण किया गया।

24/2/23

# ओपन शेल्टर होम के बच्चों को वितरित की स्टेशनरी



बौंदकलां। ओपन शेल्टर होम के बच्चे स्टेशनरी के साथ।

भास्कर न्यूज | बौंदकलां

सोमवार को श्रीजी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंद कलां द्वारा केन टेकर पॉइंट पर स्लेट, कॉपी, थ्री इन वन बुक वितरित की गई। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए शिक्षा अति आवश्यक है और शिक्षा बच्चे का अधिकार भी है। बौंदकलां क्षेत्र में ईंट भट्ठों पर मजदूरी के लिए बहुत अधिक मजदूर आते है। उनके बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते है। महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंद की ओर से इन बच्चों व उनके माता-पिता को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जाता है। उनको स्कूलों में प्रवेश दिलाने का कार्य किया जाता है। ताकि ये बच्चे भी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें और किसी भी प्रकार के शोषण का शिकार न हो पाएं।


18/2/23

# ओपन शेल्टर होम में बच्चों को साफ- सफाई का दिया संदेश

15/02/23

भास्कर न्यूज़|बौंदकलां

शुक्रवार को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों के शरीर की साफ सफाई के महत्व के बारे में बताया गया। इसके लिए ओपन शेल्टर होम के स्टाफ द्वारा दैनिक दिनचर्या के बारे में भी बताया गया। मोनिका एजुकेटर द्वारा बच्चों को बताया गया कि खाना खाने से पहले हाथ किस प्रकार साफ करना चाहिए। इसका सही तरीका भी बताया गया। ताकि बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सके। बच्चों को दांतों की सफाई के बारे में भी बताया गया। बच्चों को खाना खाने के बाद ब्रश व सुबह की ब्रश करने के तरीके के बारे में बताया गया। सभी बच्चों ने सारी बातों को बड़े ध्यानपूर्वक से सुना और अपने शरीर की सफाई रखने का प्रण भी लिया। इस प्रकार सभी बच्चों को दैनिक जीवन से जुड़ी हुई अच्छी-अच्छी बातें बताई गई।



बौंदकलां। बच्चों को साफ सफाई रखने के बारे में जानकारी देते हुए।

# ईंट भट्ठों पर बच्चों को वितरित किए नए वस्त्र



बौंदकलां। सोमवार को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंद कलां के स्टाफ ने सरस्वती ईंट भट्ठा, भगवती ईंट भट्ठा और मान ईंट भट्ठे पर बच्चों को नए वस्त्र वितरित किए। बच्चें वस्त्र पाकर बहुत खुश थे। सभी बच्चों को उनके साइज के वस्त्र वितरित किए गए। ईंट भट्ठों पर ओपन शेल्टर होम द्वारा कांटेक्ट पॉइंट बना रखे है। जिन पर बच्चों को शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाती है। जिससे कि बच्चे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकें।

14/2/23

# ईंट भट्ठों पर बच्चों को वितरित किए नए वस्त्र

14/2/23.



बौंदकलां। सोमवार को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंद कलां के स्टाफ ने सरस्वती ईंट भट्ठा, भगवती ईंट भट्ठा और मान ईंट भट्ठे पर बच्चों को नए वस्त्र वितरित किए। बच्चें वस्त्र पाकर बहुत खुश थे। सभी बच्चों को उनके साइज के वस्त्र वितरित किए गए। ईंट भट्ठों पर ओपन शेल्टर होम द्वारा कांटेक्ट पॉइंट बना रखे है। जिन पर बच्चों को शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाती है। जिससे कि बच्चे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकें।

# टीम ने ईंट भट्ठों पर जाकर बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया



बौंदकलां। शुक्रवार को ओपन शेल्टर होम टीम ईंट भट्ठों पर मजदूरों के बच्चों को शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए।


**भास्कर न्यूज|बौंदकलां**

शुक्रवार को ओपन शेल्टर होम की टीम ने दो ईंट भट्ठों पर जाकर वहां पर रहने वाले बच्चों तथा उनके माता-पिता को एकत्रित करके शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया।

बच्चों को बताया कि शिक्षा के बिना हमारा जीवन सफल नहीं हो

विशेष ध्यान रखें। सभी को टीकाकरण से भी अवगत कराया गया। बच्चों के माता-पिता को बताया कि यहां पर कांटेक्ट प्वाइंट बनाकर सभी बच्चों जो कि शिक्षा से वंचित है उनको औपचारिक शिक्षा प्रदान की जाएगी।

इसके विषय में अभिभावकों ने सहमति जताई। इसके लिए भट्ठा मजदूरों ने बड़ी खुशी प्रकट की कि उनके बच्चों को भी शिक्षा दी



# संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई

भास्कर न्यूज|बौंदकलां

रविवार को श्री एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में गुरु संत रविदास जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

ओपन शेल्टर होम के समस्त स्टाफ व बच्चों ने मिलकर संत रविदास जी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। आउटरीच वर्कर अनिल दहिया के द्वारा रविदास जी महाराज की जीवन शैली व उनके जीवन परिचय को बच्चों को बताया गया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों व समाज की भलाई के कार्यों का भी उल्लेख किया गया। सभी बच्चें संत रविदास के द्वारा किए गए कार्य को

20/5/23

शिक्षा से वंचित बच्चों की देखभाल व उनके पुनर्वास का कार्य सुचारू रूप से कर रही वेलफेयर सोसाइटी

# ...रिया के बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने का काम कर रही ...एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी, 64 बच्चों को भेजा स्कूल

...बौंदकलां

... एंड वेलफेयर ...संचालित ओपन ... स्लम व झुग्गी ...बच्चों को प्रेरित ... व रणकौली के ...भेजकर शिक्षा के ...ने का काम किया ...होम बौंदकलां की ...शेल्टर होम में ...ले रहे 25 बच्चों ...गांव बौंदकलां, ...स्कूलों में करवा ...भी ओपन शेल्टर ...ऐसे 13 बच्चों का



स्कूल में दाखिला करवाने पहुंची ओपन शेल्टर होम की टीम बच्चों के साथ।

दाखिला करवा चुकी है। संस्था आगे भी यह प्रयास जारी रखेगी। ओपन शेल्टर होम में फिलहाल लगभग 20 बच्चें अनौपचारिक शिक्षा का लाभ ले रहे है। इसके अलावा ओपन शेल्टर होम की टीम ने तीन कांटेक्ट प्वाइंट बना रखे है। जो कि स्लम, झुग्गी झोपड़ियों के नजदीक है। वहां रहने वाले बच्चें जो शिक्षा से वंचित है। उनको वहां अनौपचारिक शिक्षा दी जा रही है। इस कार्य के लिए श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आउटरीच वर्कर अपना कार्य कांटेक्ट प्वाइंट पर जाकर कर रहे है और इस प्रकार शिक्षा से वंचित बच्चों की देखभाल व उनके पुनर्वास का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। इसी कड़ी में कांटेक्ट प्वाइंट से भी 26 बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए गांव रणकौली की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में दाखिला करवाया है। संस्था का सारा प्रयास इस बात पर है कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों का एडमिशन सरकारी स्कूलों में हो पाएं और यह बच्चें भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। संस्था अपना यह प्रयास आगे भी जारी रखेगी।

## लापता बच्चों को भी आसरा दे रही संस्था

संस्था द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम में लापता, गुमशुदा बच्चों को भी रखा जाता है। जिसमें उनकी देखभाल, खाना पीना और अन्य जरूरतों का ध्यान रखा जाता है। ओपन शेल्टर होम की टीम ऐसे बच्चों को रेस्क्यू ऑपरेशन में भी अहम भूमिका निभाने का कार्य कर रही है।

## 2016 से कार्यरत है संस्था

श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी का पंजीकरण 2010 में करवाया गया था। बताया जा रहा है कि 2016 से सोसायटी द्वारा दिव्यांगजनों को विशेष शिक्षा दिलवाने में कार्यरत है। 20 मई 2022 से ओपन शेल्टर होम बौंदकलां की शुरुआत की गई है। संस्था को अध्यक्ष उमेंद्र सहित 7 सदस्यों द्वारा संचालित किया जा रहा है।



# ओपन शेल्टर होम के बच्चों ने मनाया गणतंत्र दिवस

**बौंदकलां** |गुरुवार को 74 वां गणतंत्र दिवस ओपन शेल्टर होम के बच्चों और स्टाफ सदस्यों द्वारा मनाया गया। स्टाफ व बच्चों ने ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में हाथों में तिरंगा लेकर मार्च किया और ओपन शेल्टर होम के भवन में तिरंगा फहराया गया। बच्चों ने देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ओपन शेल्टर होम में कार्यरत मोनिका जांगड़ा ने इस दिन के महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

14/1/23

# ओपन शेल्टर होम में बच्चों ने मनाया मकर संक्रांति पर्व

भास्कर न्यूज | बौंदकलां

सोमवार को महिला एवं बाल विकास की ओर से बाल संरक्षण इकाई द्वारा श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी चरखी दादरी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में मकर संक्रांति का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बाल संरक्षण इकाई की ओर से डीसीपीओ नीलकमल, पीओ अर्चना, सोशल वर्कर उषा सोनी व सीडब्ल्यूसी मेंबर सुरेश कुमार ने ओपन शेल्टर होम में अनौपचारिक शिक्षा का लाभ लेने वाले सभी बच्चों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी। वह सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना की। इसी अवसर पर ओपन शेल्टर होम के साथ मिलकर मकर संक्रांति का पर्व भी मनाया गया। इस अवसर पर डीसीपीओ नीलकमल द्वारा सभी बच्चों को मकर संक्रांति के त्यौहार के के पर्व के महत्व के बारे में बताया। सभी बच्चों ने बातों को बड़ी ध्यान पूर्वक सुना। इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास की ओर से सभी बच्चों को गर्म वस्त्र व रेवड़ी व मूंगफली का वितरण किया गया। सभी बच्चों ने खुश होकर डांस किया व सभी को छोटी-छोटी कविताएं सुनाई। जिन्होंने सबका मन मोह लिया।




ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में मकर संक्रांति पर्व मनाते हुए।

14/1/23



# विभिन्न स्कूलों व संस्थाओं ने मनाया लोहड़ी पर्व



बौंदकलां। ओपन शेल्टर होम में बच्चों के साथ लोहड़ी पर्व मनाते हुए।

**बौंदकलां।** शुक्रवार को ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में लोहड़ी का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन ओपन शेल्टर होम के स्टाफ व अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त कर बच्चों ने गुड़, मूंगफली, तिल की रेवड़ी को अग्निदेव को अर्पित किया। बच्चों को इस दिन मूंगफली रेवड़ी, गजक बांटी गई और बच्चों को ड्रेस वितरित की गईं। ओपन शेल्टर होम में काउंसलर मोनिका द्वारा बच्चों को लोहड़ी पर्व का महत्व व इसके बारे में जानकारी दी।

2/1/23

# ओपन शेल्टर होम में बच्चों संग मनाया नया साल, गर्म वस्त्र व बांटीं मिठाइयां

भास्कर न्यूज|बौंदकलां

सोमवार को ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में महिला एवं बाल विकास हरियाणा चरखी दादरी की ओर से बाल संरक्षण समिति सीडब्ल्यूसी जेजेबी ने नववर्ष 2023 को बच्चों के साथ सेलिब्रेट किया। सोमवार को ओपन शेल्टर होम में आयोजित कार्यक्रम में बाल संरक्षण समिति से डीसीपीओ नीलकमल, प्रोटेक्शन ऑफिसर अर्चना, जेजेबी की ओर से अनीता व उषा सोनी व समस्त ओपन शेल्टर होम का स्टाफ ने अपने बच्चों के साथ मिलकर नववर्ष मनाते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बच्चों ने भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने नववर्ष पर पोस्टर मेकिंग, डांस, गायन में प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। मनोरंजक कार्यक्रम के पश्चात टीम के द्वारा बच्चों को मिठाइयां व गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। मिठाई और गर्म वस्त्र पाकर ओपन शेल्टर होम में शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चें अत्यधिक खुश नजर आए। इस प्रकार से नववर्ष का यह कार्यक्रम बौंदकलां ओपन शेल्टर होम में महिला एवं बाल विकास द्वारा संपन्न हुआ।



बौंदकलां। सोमवार को ओपन शेल्टर होम में आयोजित नववर्ष के कार्यक्रम में बच्चों के साथ बाल संरक्षण समिति के पदाधिकारी।



बौंदकलां। ओपन शेल्टर होम में बच्चों को वीर बाल दिवस पर कहानी सुनाती अध्यापक।

# ओपन शेल्टर होम में बच्चों को सुनाई वीर साहिबजादों की वीरता की कहानी

भास्कर न्यूज| बौंदकलां

मंगलवार को श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में वीर बाल दिवस मनाया गया। वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत पर ओपन शेल्टर होम के स्टाफ व बच्चों ने मिलकर नमन किया। वीर बाल दिवस पर ओपन शेल्टर होम में बच्चों को वीरता की कहानी सुनाई व बच्चों को उनकी वीरता की फिल्म दिखाई गई। जिसे देखकर बच्चों ने वीरता का पाठ सिखाया। का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अनेक प्रकार की वीरता संबंधित पेंटिंग बनाई। बच्चों को अध्यापक द्वारा वीर साहिबजादों की वीरता के बारे में विस्तार से वर्णन किया और उनको भी इसी प्रकार से वीर बनने का संदेश दिया। बच्चे अध्यापक के द्वारा सुनाई गई कहानी को सुनकर निश्चित रूप से बहुत ही खुश हुए व इस प्रकार की वीरता दिखाने के लिए हमेशा तत्पर रहने का प्रण लिया। बच्चों को वीरता संबंधित बातें बताई गई। जिससे कि बच्चों को वीरता के बारे में महत्वपूर्ण सिख मिले। इस अवसर पर ओपन शेल्टर होम का स्टाफ

# अतिरिक्त उपायुक्त ने ओपन शेल्टर होम का निरीक्षण किया

## बच्चों की शिक्षा और सुविधाओं के बारे में जाना



ओपन शेल्टर होम में उपस्थित अतिरिक्त उपायुक्त, स्टाफ और बच्चे।

भास्कर न्यूज | बौंदकलां

बुधवार को श्री जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां कला में अतिरिक्त उपायुक्त विश्वजीत द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा ओपन शेल्टर होम के बच्चों की शिक्षा, बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल के बारे में ओपन शेल्टर होम में कार्यरत को-ऑर्डिनेटर मोनिका जांगड़ा से जानकारी ली। इसके साथ ही सुविधाओं का जायजा लिया। अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा बच्चों को सर्दी से बचाव व शिक्षा संबंधी जानकारी दी गई। अतिरिक्त उपाय द्वारा बच्चों को गर्म स्वेटर, जूते व शिक्षा संबंधित सामान वितरित किया गया। सभी बच्चों ने अतिरिक्त महोदय की बातों को ध्यान से सुना। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त के साथ माइनिंग ऑफिसर रिंकू कुमार,महिला एवं बाल विकास से अर्चना, आउटरीच वर्कर उषा व ओपन शेल्टर होम का समस्त

10/1/24

# चरखी दादरी

खुशियों की दीवार संस्था और श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी ने चलाया अभियान

# कंपकंपाती ठंड में भट्ठों पर मजदूरों और जरूरतमंदों को बांटे गर्म वस्त्र





दादरी/बौंदकलां। भट्ठा मजदूरों और बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित करते सोसाइटी के सदस्य।

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

जरूरतमंदों के लिए काम करने वाली संस्था खुशियों की दीवार द्वारा मोबाइल सेवा तहत जरूरतमंदों को उन्हीं के स्थान पर जाकर सामान मुहैया करवाया जा रहा है।

संजय रामफल ने बताया कि दादरी के और आस पास के लोगों का इतना भारी समर्थन मिला है कि तादाद से ज्यादा सामान खुशियों की दीवार पर दान दाताओं द्वारा आ रहा है जो सराहनीय है। आज ईंट भट्ठों पर जाकर मजदूरों व जरूरतमंदों को मोबाइल सेवा के तहत सामान पहुंचा रहे हैं। जिससे जरूरतमंद लोगों की मदद हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता संजय रामफल ने बताया कि अक्सर दीवारें दूरियां बढ़ाती हैं लेकिन खुशियों की दीवार एक दूसरे से जोड़ने का काम कर रही है। खुशियों की दीवार का ध्येय है कि जरूरतमंदों तक जरूरत का सामान पहुंचे। संजय ने अपील की है कि अब सर्दी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है पाला गिर रहा है जो गरीब लोग होते हैं वह सर्दी का सामान खरीदने और अपने शरीर को ढहा अपने के लिए गरम कपड़े स्वेटर खरीदने में असमर्थ होते हैं क्योंकि उनकी रोजमर्रा की कमाई इतनी कम होती है कि वह अपना घर का गुजर बसर कर सकें। इस मौके पर अभिषेक जैन, आयुष बादल, अनुज, संदीप सांवड़, ऐडल, जोनी, पप्पी आदि मौजूद रहे।

बौंदकलां। मंगलवार को श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कंबल व गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया।

श्री जी एजुकेशन सोसाइटी की ओर से भगवती भट्टे पर जाकर लोगों को इकट्ठा किया व उनको सर्दियों में किस प्रकार स्वयं का व बच्चों का बचाव करना है बारे में जानकारी दी गई। सभी बच्चों व उनके माता-पिता को पहले कंबल व गर्म वस्त्र वितरित किए गए तथा उनको सर्दियों से बचाव के तरीका भी बताए गए ताकि सर्दियों में उनके बच्चे बीमार न पड़े। इसके पश्चात झुग्गी झोपड़ी झोपड़ी में रहने वाले माता-पिता को बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए कहा गया वह उनको शिक्षा का महत्व भी समझाया शिक्षा से ही किसी व्यक्ति के जीवन में ज्ञान का संचार होता है वह वह भविष्य में किसी प्रकार के शोषण का शिकार नहीं होता।

23/3/24

# ओपन शेल्टर होम में शहीदी दिवस मनाया




बौंदकलां| शनिवार को ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में शहीदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मोनिका जांगड़ा ने सभी बच्चों को भगत सिंह, शिवराम, राजगुरु और सुखदेव के बारे में जानकारी दी। बच्चों को बताया कि आज ही के दिन इन देशभक्तों को अंग्रेजों द्वारा फांसी दी गई थी। इसके पश्चात सभी बच्चों को उनकी बहादुरी व बलिदान के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके बाद में सभी बच्चों ने दीप जलाकर व फूल अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मोनिका जांगड़ा, संदीप, भारत, प्रीति, पूजा व नवीन एजुकेटर उपस्थित रहे।

18/01/24



ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में गुरु गोविन्द सिंह जी की जयंती मनाई।

# गुरु गोविंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपने परिवार की दे दी थी बलिदानी

**भास्कर न्यूज | बौंदकलां**

बुधवार को श्री जी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी चरखी दादरी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में गुरु गोविंद सिंह की जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। ओपन शेल्टर होम के स्टाफ ने बच्चों को गुरु गोविंद सिंह की जयंती के बारे में जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि गुरु गोविंद सिंह सिख धर्म के दसवें व अंतिम गुरु थे। उनका जन्म 22 दिसंबर 1666 को बिहार के पटना में हुआ था। उनके पिता का नाम गुरु तेज बहादुर जी था। उनकी माता का नाम गुजरी था। बचपन का नाम गोविंद राय था गुरु गोविंद सिंह एक महान शूरवीर आध्यात्मिक गुरु योद्धा वी दार्शनिक थे। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपने समस्त परिवार को बलिदान कर दिया था। उन्हें संत सिपाही के नाम से भी जाना जाता है। सभी बच्चों ने सारी बातें बड़े ध्यानपूर्वक सुनी तथा उनके जीवन व उनकी शिक्षाओं से बहुत कुछ सीखने को मिला। इसके पश्चात सभी बच्चों ने गुरु गोविंद सिंह जी को नमन किया। कार्यक्रम में ओपन शेल्टर होम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

23/04/24

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया ओपन शेल्टर होम का निरीक्षण

# बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं को जांचा, स्कूल में प्रवेश संबंधी समस्याओं का समाधान भी बताया

भास्कर न्यूज़ | बौंदकलां

सोमवार 22 अप्रैल को श्री जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी नीलकमल, अर्चना, चेयरपर्सन शिल्पी सिद्दू, सुरेश कुमार, सीडब्ल्यूसी मेंबर सतीश जांगड़ा, जेजेबी मेंबर धीरज सैनी, डीसीडब्ल्यूओ सूबे सिंह मौजूद रहे। जिला स्तरीय टीम के सदस्यों द्वारा प्रत्येक बच्चे से बातचीत की गई बच्चों से संबंधित सभी दस्तावेज फाइल व ओपन शेल्टर होम में बच्चों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जांच की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी दस्तावेज फाइल व ओपन शेल्टर होम में बच्चों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जांच की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा से संबंधित पूर्ण जानकारी ली गई। निरीक्षण टीम के अधिकारियों द्वारा बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए सुझाव भी दिए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा ओपन शेल्टर होम में आने वाले बच्चों के सरकारी स्कूल में प्रवेश से संबंधित आने वाली समस्याओं का भी समाधान बताया गया। बौंदकलां के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. नीतू व काउंसलर संजय कुमार भी निरीक्षण टीम में शामिल रहे।



बौंदकलां। ओपन शेल्टर होम में जांच करती महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम।

2/05/2024

# ओपन शेल्टर होम में मनाया विश्व मजदूर दिवस



**बौंदकलां**| 1 मई को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में विश्व श्रमिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कॉर्डिनेटर मोनिका जांगड़ा द्वारा सभी बच्चों को

मजदूर दिवस की शुरुआत हुई थी। यह दिन मजदूरों के महत्व, सम्मान, एकता और अधिकारों के समर्थन में मनाया जाता है। यह वह एक दिन है जो श्रमिकों और श्रमिक आंदोलन द्वारा किए गए संघर्ष और उपलब्धियों को याद करता है।

# ओपन शेल्टर होम की टीम ने ईंट भट्ठे पर रहने वाले 20 बच्चों का करवाया दाखिला

## श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के आउटरीच वर्कर्स व सोशल वर्कर

भास्कर न्यूज | बींदकलां

गुरुवार 9 मई को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के आउटरीच वर्कर्स व सोशल वर्कर द्वारा आसपास के एरिया में झुग्गी झोपड़ियों का सर्वे कर ऐसे बच्चों की पहचान की गई जो कि शिक्षा से पूर्ण रूप से वंचित है। सर्वे में सांवड़ के आस-पास ईंट भट्ठे पर इस प्रकार के बच्चें पाए गए। बालाजी भट्टे व एबीसी भट्ठे के 20 बच्चों का एडमिशन सांवड़ के प्राथमिक पाठशाला में करवाया गया। इन बच्चों के माता-पिता से बातचीत की गई तथा उनकी काउंसलिंग की गई ताकि वह अपने बच्चों को स्कूल भेजने पर सहमत हो सके।




बींदकलां। राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला सांवड़ में दाखिला लेने वाले ईंट भट्ठे पर रहने वाले बच्चें।

संस्था द्वारा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है व उनको शिक्षा ग्रहण करने के लाभ के बारे में जानकारी दी जाती है। प्राथमिक कन्या पाठशाला की प्रमुख सीमा, अध्यापक सभी स्टाफ गण के साथ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मोनिका, सोशल वर्कर श्याम परमार, आउटरीच वर्कर भारत सिंह, पूजा व संदीप उपस्थित रहे।

10/05/24

16/05/2024

# बच्चों को धार्मिक स्थलों का करवाया भ्रमण




बौंदकलां। बुधवार को श्री जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम के बच्चों को दादरी जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाया गया। धार्मिक स्थलों में घारेडू का श्री श्याम मंदिर व सांवड़ गांव में श्री रानी सती मंदिर और गांव बौंदकलां का चांदूदास मंदिर का भ्रमण करवाया। सभी बच्चों को कॉर्डिनेटर मोनिका जांगड़ा द्वारा इन धार्मिक स्थलों की ऐतिहासिकता, पृष्ठभूमि, भव्यता व महत्व को विस्तार से बताया गया। धार्मिक स्थलों के भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ ओपन शेल्टर होम के स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

22/05/2024

# ओपन शेल्टर होम में पक्षियों के लिए रखे सकोरे

**भास्कर न्यूज | बौंदकलां**

मंगलवार 21 मई को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम में कार्यरत स्टाफ द्वारा शेल्टर के प्रांगण में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के पानी के लिए मिट्टी के सकोरे रखे गए। क्योंकि गर्मियों में पक्षी बिना पानी के कारण मर जाते है। हमें पक्षियों को पानी पिलाना व दाना डालकर उनका जीवन बचाना चाहिए। बच्चों को भी समझाया गया कि गर्मी में ज्यादा से ज्यादा पानी पिए। पक्षियों को भी पानी पिलाने की व्यवस्था करें। ओपन शेल्टर होम में कार्यरत प्रीति ने बताया कि आजकल गर्मी बहुत ही ज्यादा हो गई है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर चला गया है साथ ही लू भी चल रही है।



ओपन शेल्टर होम में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखते हुए।

इसलिए पक्षियों को बिना पानी के कारण मर जाते है। इसलिए उन्होंने सभी से यह कहा कि ज्यादा से ज्यादा पक्षियों के लिए पानी रखें। जिससे कि पक्षियों का जीवन बचाया जा सके।

8/8/24

# झूला झूलकर बच्चों ने मनाई तीज



**बौंदकलां |** श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में तीज का पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों को तीज की पर्व का महत्व के बारे में बताया गया। मोनिका जांगड़ा द्वारा यह बताया गया कि तीज के अवसर पर हम सभी अपने परिवार और समाज में प्रेम और एकता को बढ़ाते हैं ओपन शेल्टर होम में बच्चों को झूला झुलाया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई व अन्य खेलों का भी बच्चों ने खूब आनंद लिया। अंत में बच्चों को मिठाइयां भी वितरीत की गई। इस अवसर पर ओपन शेल्टर होम में कार्यरत काउंसलर मोनिका जांगड़ा, संदीप, पूजा नवीन, उमेन्द्र और प्रीति बच्चों के साथ मौजूद रहे।

7 September 202

# फास्ट फूड न खाने की दी सलाह




भास्कर न्यूज | बौंदकलां

शुक्रवार को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित गरीब घुमंतू एवं जरूरतमंद बच्चों पर कार्यरत संस्था ओपन शेल्टर होम में महा पोषण सप्ताह मनाया गया। ओपन शेल्टर होम की को-ऑर्डिनेटर मोनिका जांगड़ा द्वारा सभी बच्चों के स्वास्थ्य विकास के लिए सही पोषण की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पोषण एक महत्वपूर्ण पहलू है जो कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ताकि वे अपने शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाए रख सके और उन्हें अपने दैनिक जीवन में सही खान-पान की आदतें विकसित करने में मदद मिल सके। इसी के साथ सभी बच्चों को फास्ट फूड व जंक फूड न खाने की सलाह भी दी गई। इस अवसर पर एजुकेटर नवीन कुमारी, प्रीति, आउटरीच वर्कर भरत सिंह, पूजा, संदीप व गीता उपस्थित रहे।

19 September 2024

# बच्चों को डेंगू, मलेरिया के बारे में दी जानकारी




**बौंदकलां |** बुधवार को श्री जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित गरीब बच्चों घुमंतू व जरूरतमंद बच्चों पर कार्यरत संस्था ओपन शेल्टर होम में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से चुन्नीलाल एमपीएचडब्ल्यू ने सभी स्टाफ व बच्चों को एनीमिया के लक्षण व इसे होने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी। बरसात के सीजन में फैलाने वाली बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया के बारे में भी विस्तार से बताया। इसी के साथ सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट भी खिलाई गई। इस अवसर पर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मोनिका जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

22/09/24

# ओपन शेल्टर होम में बच्चों को बताया मतदान का महत्व

भास्कर न्यूज | बौंदकलां

शनिवार को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित गरीब जरूरतमंद व घुमंतू जनजाति के लिए कार्यरत संस्था ओपन शेल्टर होम में कोऑर्डिनेटर मोनिका जांगड़ा द्वारा सभी बच्चों को मतदान के बारे में बताया गया। हर योग्य नागरिक का अधिकार और जिम्मेदारी है कि वह हमारे राष्ट्र राज्य शहर के भविष्य को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी के लिए अपने मत का प्रयोग अच्छे से करना सुनिश्चित करें साथ ही बताया गया कि हमारे यहां 5 को राज्य विधानसभा के चुनाव होने हैं इस दिन हमें ज्यादा से ज्यादा मतदान करना है। मोनिका जांगड़ा द्वारा यह बताया गया कि हम अपने मत का अच्छे से प्रयोग करके अपने देश को बेरोजगारी, गरीबी, भ्रष्टाचार जैसी समस्या से बचा सकते हैं।



बौंदकलां। शनिवार को ओपन शेल्टर होम में घुमंतू बच्चों को मतदान का महत्व समझाते हुए को-ऑर्डिनेटर मोनिका जांगड़ा।

25/02/2024

# ओपन शेल्टर होम में बच्चों ने मनाया क्रिसमस




**बौंदकलां** | बुधवार को श्री जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में कार्यरत मोनिका जांगड़ा ने क्रिसमस त्योहार के बारे में बच्चों को बताया गया। बच्चों को बताया कि क्रिसमस ईसाइयों का एक प्रमुख त्योहार है। यह हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है। यह त्यौहार पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन प्रभु ईसा मसीह का जन्म हुआ था।

# बच्चों ने राधा कृष्ण की ड्रेस पहनकर मनाया त्योहार



बौंदकलां | श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व सोमवार को श्रीजी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंदकलां में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने राधा कृष्ण को आकर्षक परिधान पहन कर अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर ओपन शेल्टर होम में कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत मोनिका जांगड़ा द्वारा बच्चों को श्रीकृष्ण के जन्म दिन से संबंधित कहानी बतलाई व बच्चों को बतलाया गया कि जब श्री कृष्ण भगवान का जन्म हुआ तब अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था तथा सभी बच्चों ने कहानी को अच्छी प्रकार से सुना तथा इससे सीख ली। इसके पश्चात राधा कृष्ण को झूले पर झुलाया गया तथा यह दृश्य बहुत ही आनंददायक एवं मनमोहक था।

# केक काटकर बच्चों ने मनाया नववर्ष




**भास्कर न्यूज | बौंदकलां**

एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम बौंद कलां में बच्चों द्वारा नव वर्ष मनाया गया। इस अवसर पर सीडब्ल्यूसी सदस्य सुरेश यादव, जेजेबी सदस्य अनीता और पूर्व फौजी जितेंद्र परमार उपस्थित थे। उन्होंने सभी बच्चों को नव वर्ष पर शुभकामनाएं दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथिगण व ओपन शेल्टर होम के स्टाफ द्वारा बच्चों को नव वर्ष पर केक काटकर सभी बच्चों मे वितरित किया गया। इसके बाद सभी बच्चों द्वारा नव वर्ष पर डांस, देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर ओपन शेल्टर होम में कार्यरत को-ऑर्डिनेटर मोनिका जांगड़ा, एजुकेटर नवीन, प्रीति, भारत, पूजा और संदीप उपस्थित थे।